संस्कृति मंत्रालय
भारत सरकार

# राष्ट्रीय विज्ञान संगोष्ठी 2025

**विषय:** *"क्वांटम युग का आरंभ : संभावनाएँ एवं चुनौतियाँ"*

## आयोजक संस्थान

राज्य स्तरीय आयोजन संयुक्त रूप से किया जा रहा है —
**राज्य विज्ञान शिक्षा संस्थान एवं शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय, जबलपुर (मध्यप्रदेश)**
तथा
**आंचलिक विज्ञान केन्द्र, भोपाल**
*(राष्ट्रीय विज्ञान संग्रहालय परिषद्, संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार की एक इकाई)*
द्वारा।

---

## संगोष्ठी का उद्देश्य

इस संगोष्ठी का उद्देश्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, तर्कशीलता, अनुसंधानात्मक सोच तथा आधुनिक विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के उभरते क्षेत्रों — विशेषकर क्वांटम विज्ञान — के प्रति गहरी समझ और जिज्ञासा को प्रोत्साहित करना है।

## भागीदारी हेतु पात्रता

- यह प्रतियोगिता केवल **मध्यप्रदेश राज्य के विद्यालयों** में वर्तमान में अध्ययनरत **कक्षा 8वीं से 10वीं** के विद्यार्थियों के लिए है।
- प्रत्येक विद्यालय से **केवल एक विद्यार्थी** को नामांकित किया जा सकता है।
- विद्यार्थी का नामांकन **विद्यालय प्रशासन / प्रधानाचार्य** द्वारा प्रमाणित एवं अनुशंसित होना आवश्यक है।
- यह सुनिश्चित किया जाए कि प्रतिभागी **वर्तमान में किसी विद्यालय में नियमित रूप से अध्ययनरत** हैं तथा उनका नाम विद्यालय के वर्तमान शैक्षणिक अभिलेखों में अंकित है।
- **प्रमाण-पत्र / विद्यालय सत्यापन** आवश्यक होने पर आयोजक संस्थान द्वारा मांगा जा सकता है।

## आयोजन की रूपरेखा

### चरण 1: ऑनलाइन परीक्षा

- **तारीख:** 22 अक्टूबर 2025 (बुधवार)
- **समय:** दोपहर 3:00 बजे
- **अवधि:** 55 मिनट
- **प्रश्नों की संख्या:** 50 बहुविकल्पीय प्रश्न (MCQ)
- **विषय:** *"क्वांटम युग का आरंभ : संभावनाएँ एवं चुनौतियाँ"* से संबंधित प्रश्न जो किसी उप-विषय पर आधारित तथा पाठ्यक्रम से भी शामिल किये जायेंग।
- **चयन प्रक्रिया:** सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले **शीर्ष 10 प्रतिभागियों** का चयन प्रस्तुति चरण हेतु किया जाएगा।

### चरण 2: राज्य स्तरीय ऑनलाइन प्रस्तुति

- **तारीख:** 25 अक्टूबर 2025 (शनिवार)
- **समय:** प्रातः 10:00 बजे
- **प्रस्तुति विषय:** "क्वांटम युग का आरंभ : संभावनाएँ एवं चुनौतियाँ"।
- **चयन:** प्रस्तुति के मूल्यांकन उपरांत **एक प्रतिभागी** का चयन राष्ट्रीय स्तर की संगोष्ठी के लिए किया जाएगा।
- प्रस्तुति में 5 से अधिक स्लाइड या पोस्टर नहीं होने चाहिए
- प्रत्येक प्रतिभागी के लिए अवधि 6 मिनट, उसके बाद प्रश्नोत्तर

### चरण 3: राष्ट्रीय स्तर की संगोष्ठी

- **तारीख:** 30 अक्टूबर 2025 (गुरुवार)
- **स्थान:** विश्वेश्वरैया औद्योगिक एवं प्रौद्योगिकीय संग्रहालय, बेंगलुरु
  *(राष्ट्रीय विज्ञान संग्रहालय परिषद्, संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार)*
- नियमों के अनुसार चयनित विद्यार्थी के साथ एक स्कॉट शिक्षक का परिवहन व्यय राज्य विज्ञान शिक्षा संस्थान एवं शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय, जबलपुर (मध्यप्रदेश) द्वारा किया जाएगा।

**महत्वपूर्ण शर्तें:**

- राष्ट्रीय स्तर पर भागीदारी का अवसर केवल उसी विद्यार्थी को मिलेगा जो **मध्यप्रदेश के किसी विद्यालय में नियमित रूप से अध्ययनरत है** और जिसकी अनुशंसा **राज्य स्तरीय निर्णायक समिति द्वारा विधिवत् की गई है।**
- प्रतिभागी को **विद्यालय द्वारा जारी वर्तमान सत्र का प्रमाण-पत्र / बोनाफाइड प्रमाणपत्र** प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
- यदि किसी भी चरण में यह पाया जाता है कि प्रतिभागी अब विद्यालय में अध्ययनरत नहीं है या दी गई जानकारी असत्य है, तो **उसकी पात्रता निरस्त कर दी जाएगी** और वैकल्पिक उम्मीदवार का चयन किया जाएगा।
- आयोजक संस्थान का निर्णय **अंतिम और बाध्यकारी** होगा।
- किसी भी प्रश्न के लिए कृपया हमसे vigyankendrabhopal@gmail.com पर संपर्क करें या +91 94799 74419 पर व्हाट्सएप करें।

## महत्वपूर्ण निर्देश

1. प्रत्येक पंजीकृत विद्यालय/प्रतिभागी को संबंधित चरणों की विस्तृत जानकारी, लिंक एवं दिशा-निर्देश **पंजीकृत ई-मेल आईडी** पर पूर्व में भेजे जाएंगे।
2. सभी प्रतिभागियों को परीक्षा और प्रस्तुति के दौरान अपने विद्यालय का नाम एवं पंजीकृत ई-मेल स्पष्ट रूप से उल्लेखित करना होगा।
3. तकनीकी कारणों से किसी भी चरण में व्यवधान उत्पन्न होने की स्थिति में वैकल्पिक व्यवस्था की सूचना ई-मेल के माध्यम से दी जाएगी।
4. विद्यालय यह सुनिश्चित करें कि नामांकित विद्यार्थी के पास **सुगम इंटरनेट सुविधा** एवं **उपयुक्त उपकरण (Desktop / Laptop / Tablet / Smartphone)** उपलब्ध हों।
5. प्रतियोगिता से संबंधित सभी निर्णय आयोजकों के होंगे और **उनका निर्णय अंतिम एवं बाध्यकारी** रहेगा।

### पंजीकरण के लिए लिंक पर क्लिक करें या क्यूआर कोड स्कैन करें:
https://tinyurl.com/NSSrscb2025

*****